## एक नजर में

### फोटो वायरल करने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** कोतवाली बैतूल पुलिस ने महिला को धमकाकर उसके फोटो वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 07 मार्च को फरियादिया ने कोतवाली थाना बैतूल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी दिगम्बर नागले पिता मनोज नागले उम्र 18 वर्ष 15 दिन निवासी कमलेशवरा थाना बोरदेही द्वारा उसके साथ बुरा काम किया गया है तथा उसके फोटो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। महिला द्वारा प्रस्तुत किए गए फोटो एवं रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए थाना कोतवाली बैतूल में धारा 69, 351(3) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी दिगम्बर नागले को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उपनिरीक्षक चित्रा कुमरे, सहायक उपनिरीक्षक सुरेश चौधरी, आरक्षक 344 मदनलाल, थाना आमला से सहायक उपनिरीक्षक रामेश्वर सिंह एवं आरक्षक 395 नागेन्द्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

### सुंदरकांड महिला मंडल की बहनों का सम्मान

**मुलताई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुंदरकांड महिला मंडल की बहनों का सम्मान किया गया।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को नगर के भगतसिंह वार्ड में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की आयोजक ग्राम चिल्हाटी निवासी माहेश्वरी पवार ने बताया लैंगिक समानता एवं नारी सशक्तिकरण के लिए 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है, जो बहने अपने गृहस्थी को संभालने के साथ पारिवारिक दायित्व का निर्वहन करते हुए अपने व्यस्त समय में से कुछ समय भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए निकालती हैं। उन बहनों का सम्मान जरूरी है। सुंदरकांड महिला मंडल से जुड़ी बहनों द्वारा घर घर पहुंचकर सुंदरकांड का पाठ करते हुए युवा पीढ़ी को भारत की धार्मिक और पौराणिक संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करने का जो पुनीत कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय है।कार्यक्रम में सुंदरकांड मंडल की सदस्य किरण पवार ,गीता पवार ,कविता देशमुख ,पुष्पा निरापुरे, सुनीता रावत, वंदना देशमुख ,सुनीता वैष्णव ,लता परिहार, कुसुम मालवी, नीलम पाल, वंदना साहू. सहित अन्य बहनो का पुष्पहार से सम्मान किया गया द्य कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज में महिलाओं की भूमिका संघर्ष और सफलता पर विचार रखते हुए कहा वर्तमान परिवेश में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है।

# जनगणना के कारण बैतूल शहर की सीमा वृद्धि का प्रस्ताव अटका

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 8 मार्च. जनगणना के चलते सभी प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज की जा चुकी हैं। 2027 तक इनमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। ऐसे में बैतूल नगरपालिका क्षेत्र की सीमा वृद्धि का मामला भी अब अधर में लटक गया है।**

**नगरपालिका ने जुलाई में लिया प्रस्ताव**

**जनगणना के कारण सीमाएं फ्रीज**



दरअसल बैतूल शहर अभी 15 वर्ग किलोमीटर के दायरे में बसा है। शहर की सीमा में वर्ष 1994 के बाद से कोई बदलाव नहीं हुआ है। वर्ष 2007 में इसकी सीमाओं में बढ़ोतरी का प्रयास किया गया था, लेकिन यह कोशिश कामयाब नहीं हो पाई थी। अब एक बार फिर नगरपालिका ने इसके प्रयास शुरू किए थे। पिछले साल जुलाई महीने में नगरपालिका परिषद की बैठक में क्षेत्र विस्तार करने का प्रस्ताव लिया गया था। इसके बाद शासन की अनुमति लेने के लिए कलेक्टर के माध्यम से प्रस्ताव राज्य शासन को भी भिजवाया गया, लेकिन शासन से अभी तक कोई जवाब नहीं आया है, जिसके चलते इस दिशा में कोई कदम आगे नहीं बढ़ाया जा सका। अब नगरपालिका के अगले साल होने वाले चुनाव के बाद ही कोई प्रोग्रेस हो सकेंगी, क्योंकि सीमा वृद्धि की पूरी प्रक्रिया चुनाव के एक साल पहले शुरू करना होता है। वैसे जानकारी के अनुसार नगरपालिका की सीमा विस्तार के तहत संभवत- शहर से सटे पांच क्षेत्र शामिल करने की योजना थी। जिसमें वर्तमान समय मरामझिरी पंचायत के अंतर्गत आने वाली सोनाहिल कॉलोनी और गउठाना के अंतर्गत आने वाला सम्पूर्ण क्षेत्र के अलावा खकरा जामठी वाला सम्पूर्ण क्षेत्र, सोनाघाटी शिव मंदिर तक का इलाका, जो वर्तमान में मरामझिरी पंचायत के अधिकार क्षेत्र में है और ग्राम पंचायत बडोरा का द्वारका नगर आठनेर रोड पर सापना नदी की पुलिया तक और बैतूल बाजार रोड पर जानी ढाबा पेट्रोल पंप तक का इलाका सीमा विस्तार में शामिल है। शहर की सीमा वृद्धि से नगरपालिका और इन क्षेत्रों के लोगों, दोनों को ही लाभ होंगे। यह क्षेत्र अभी पंचायतों से काफी दूरी पर स्थित हैं। इससे पंचायतें भी इन पर समुचित ध्यान नहीं दे पाती है। इससे कई क्षेत्रों में अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। नगरपालिका में शामिल होने से इन क्षेत्रों का विकास होगा और नागरिकों को सडक़, बिजली, जलापूर्ति, सहित मिलेगी।

**सीमाएं फ्रीज, नहीं हो सकता बदलाव :** दिसंबर 2025 को प्रदेश भर के जिलों, तहसीलों और सभी प्रशासनिक सीमाओं को फ्रीज कर दिया गया है। जनगणना संपन होने तक यह सीमाएं फ्रीज ही रहेंगी, इनमें कोई भी बदलाव नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा सीमा वृद्धि की यह प्रक्रिया नगरीय निकाय के चुनाव होने के एक साल पहले शुरू हो जाना चाहिए।

> नपा ने सीमा वृद्धि का प्रस्ताव लिया था। प्रस्ताव शासन को भिजवाया गया है, लेकिन अभी तक शासन से कोई जवाब नहीं आया है। अब जनगणना के कारण सीमाएं भी फ्रीज हो चुकी हैं। जनगणना के बाद ही कुछ हो सकता है।
>
> **– ब्रजगोपाल परते,** वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक, नपा बैतूल

### अभी नगरपालिका में शामिल हैं 33 वार्ड

नगरपालिका की सीमा वृद्धि से शहर का दायरा बढ़ जायेगा। हालांकि बैतूल शहर अभी 15 वर्ग किलोमीटर के दायरे में बसा है। लेकिन सीमा वृद्धि से शहर का दायरा ढाई से 5 किलोमीटर तक बढने की संभावना है। इसके अलावा सीमा वृद्धि के बाद वार्ड बढकर 36 तक भी किए जा सकते हैं। वैसे वादों की संख्या बढ़ाने की जरुरत पडने की संभावना नहीं है। सीमा वृद्धि के बाद परिसीमन की कार्यवाही की जाएगी। दूसरी ओर जिन पंचायतों का क्षेत्र लिया जाएगा, उनके दर्जे पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा। केवल जनसंख्या में परिवर्तन होगा। पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के लिए पर्याप्त जनसंख्या होगी।

### परिषद की बैठक में लिया था निर्णय

नगरपालिका परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को पास कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम न केवल जनहित में है, बल्कि इससे प्रशासनिक कार्यक्षमता और विकास की रफ्तार भी बढ़ेगी। यह निर्णय पूरी तरह से जनहित, शासनहित और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। अधिकारियों के अनुसार, आसपास के क्षेत्रों को शामिल करने का मुख्य उद्देश्य वहां के नागरिकों को शहरी सुविधाओं से सीधे जोडऩा, निकाय के राजस्व में वृद्धि करना और पंचायतों के विकास कार्यों में भी गति लाना है। जिससे इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को शहरी सुविधाएं बेहतर तरीके से मिलेगी और नपा के भी राजस्व में वृद्धि होगी।

## फागुन मेले में युवक की चाकू मारकर हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल। आठनेर थाना क्षेत्र में आयोजित फागुन मेले के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।**

**डीजे पर नाचने के पुराने विवाद में वारदात**

**आरोपियों की बताई निशानदेही से चाकू बरामद**



पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या का प्रकरण दर्ज कर मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। घटना 5 मार्च की शाम ग्राम हिरादेही में लगे फागुन मेले की है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम बैरमढाना निवासी चश्मदीद राम प्रसाद ने रिश्तेदार के घर के बाहर विवाद देखा। वहां सातकुंड निवासी आरोपी मोहित बाडिया अपने साथियों के साथ मिलकर गोविंद और विशाल से गाली-गलौज व मारपीट कर रहा था। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने धारदार चाकू निकालकर हमला कर दिया। गोविंद की कमर में और विशाल की जांघ व कंधे पर चाकू के गंभीर वार किए गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने गोविंद को मृत घोषित कर दिया, जबकि विशाल का इलाज जारी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस हत्याकांड की असली वजह एक पुराना विवाद था। करीब दो सप्ताह पहले एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर गोविंद, विशाल और आरोपी मोहित के बीच कहासुनी हुई थी। इसी बात की रंजिश पाले बैठे आरोपियों ने मेले में दोनों को अकेला पाकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही है।

## होली खेलकर दिया सामाजिक समरसता का परिचय



**मुलताई।** रंग पंचमी के पावन अवसर पर रविवार को भारत विकास परिषद, माँ ताप्ती शाखा मुलताई द्वारा सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। परिषद के सदस्यों ने मुलताई में किन्नर समुदाय के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें रंग पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर परिषद के सदस्यों ने किन्नर समुदाय के जनों के साथ आत्मीय मुलाकात की, उन्हें गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं तथा मिष्ठान खिलाकर एवं भेंट देकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सभी वर्गों के बीच आपसी सम्मान, प्रेम और समानता का भाव स्थापित करना था।किन्नर समुदाय लंबे समय से समाज की मुख्य धारा से कुछ हद तक दूर रहा है। ऐसे में भारत विकास परिषद द्वारा उनके बीच जाकर त्योहार की खुशियां साझा करना सामाजिक समरसता की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। परिषद का यह प्रयास समाज में यह संदेश देता है कि हर व्यक्ति समान सम्मान और अपनत्व का अधिकारी है। इस पहल की नगर में सराहना की जा रही है। इस अवसर पर परिषद के जिला समन्वयक राजीव जैन, शाखा अध्यक्ष प्रशांत भार्गव, मुकेश जैन, देवेंद्र धोपाडे, अभिषेक खंडेलवाल, संदीप तारे, भारत भूषण चौधरी, डॉ. राजेंद्र ठाकुर, सुनेंद्र देशमुख, विनोद जैन एवं सुमित पंजाबी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया।

## कबाड़खाना संचालक पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**बैतूल।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इटारसी रोड स्थित कबाड़खाने में लगी भीषण आग के मामले में कबाड़खाना संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।7 मार्च को शाम लगभग 6 बजे इटारसी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास संचालित रशीद खान के कबाड़खाने में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। कबाड़खाने में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, रबर टायर, वाहनों का स्क्रैप एवं अन्य ज्वलनशील सामग्री असुरक्षित तरीके से रखी होने के कारण आग तेजी से फैल गई और पूरे कबाड़ के ढेर को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक देवकरण डेहरिया एवं थाना प्रभारी गंज निरीक्षक नीरज पाल पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित करते हुए स्थिति को नियंत्रित करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, एसडीओपी बैतूल सुनील लाटा, रक्षित निरीक्षक दिनेश मर्सकोले, सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी, थाना प्रभारी बैतूल बाजार निरीक्षक अंजना धुर्वे एवं यातायात प्रभारी गजेंद्र केन सहित पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहा। तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी, जिस पर बैतूल, बैतूल बाजार, शाहपुर, घोड़ाडोंगरी, आठनेर एवं मुलताई से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान एसडीएम बैतूल एवं तहसीलदार भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा जेसीबी मशीन की सहायता से कबाड़ को हटाकर दमकल टीम द्वारा आग को पूरी तरह बुझाया गया। थाना कोतवाली में आरोपी रशीद खान के विरुद्ध धारा 326(एफ), 110, 324(4), 324(3), 272, 280, 285, 287 बीएनएस, धारा 4 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 तथा धारा 139 म.प्र. विद्युत अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## पूर्ण वेतन नहीं देने से नाराज मजदूरों ने शुरू की भूख हड़ताल



**पाथाखेड़ा।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के पाथाखेड़ा क्षेत्र की खदानों में ठेका मजदूरों का वेतन विवाद अब और गंभीर होता जा रहा है। अनिश्चितकालीन आंदोलन शनिवार को दसवें दिन भी जारी रहा। मजदूरों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदारों की नई रणनीति को प्रबंधन के कुछ अधिकारियों का संरक्षण मिलने की आशंका है, जिससे औद्योगिक शांति भंग होने का खतरा मंडरा रहा है। सूत्रों के अनुसार शनिवार शाम लगभग चार बजे जीएम कार्यालय में अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच बैठक भी हुई, जिसमें मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं आंदोलनरत मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदारों द्वारा मजदूरों के बीच फूट डालने की कोशिश की जा रही है। कुछ मजदूरों को कम हाजरी दिखाकर मात्र लगभग 500 के आसपास वेतन डालने की बात भी सामने आई है। मजदूरों ने यह भी आरोप लगाया कि वर्कशॉप में कार्यरत मजदूरों के साथ ठेकेदार निहुरूदीन द्वारा अभद्र व्यवहार(गली गलौज) किया गया और उन्हें धमकाकर वहां से लात मारकर भगा देने की बात कही। मजदूरों का कहना है कि देश की एक बड़ी सरकारी कंपनी में, जहां हजारों टन कोयले का उत्पादन होता है, वहां मजदूरों को पूरा वेतन नहीं मिलना गंभीर शोषण और प्रताड़ना का विषय है। आंदोलनरत मजदूरों का कहना है कि लगातार दस दिन बीत जाने के बावजूद प्रबंधन और ठेकेदारों की ओर से कोई ठोस और निर्णायक पहल नहीं की गई है। इससे मजदूरों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। समाजसेवी नेता प्रदीप नागले, संतोष देशमुख और मनोज पवार ने बताया कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो मजदूर भूख हड़ताल शुरू करने का निर्णय ले सकते हैं। इसके लिए प्रशासन को भी समय निर्धारित कर सूचना दी जाएगी। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को भूख हड़ताल का उग्र रूप दिया जा सकता है।

## डिवाइडर तोड़ दूसरी लेन में घुसा बेकाबू कंटेनर, एक की मौत



**बैतूल। बैतूल-नागपुर नेशनल हाईवे पर रविवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। मुलताई की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार कंटेनर अचानक अनियंत्रित हो गया और लगभग 10 फीट चौड़ा डिवाइडर तोड़ते हुए विपरीत दिशा की लेन में जा घुसा।**

**पत्नी और 6 साल के मासूम के सामने पति ने तोड़ा दम**

**घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार**

इस खौफनाक हादसे में कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और 6 साल का बच्चा घायल हो गए। मृतक की पहचान नर्मदापुरम निवासी विकास राव के रूप में हुई है, जो पेशे से इलेक्ट्रिक मैकेनिक थे। रविवार को विकास अपनी पत्नी और छह साल के बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर मोहरखेड़ा में एक तेरहवीं के शोक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कंटेनर इतनी तेज रफ्तार में था कि वह डिवाइडर तोड़कर विपरीत दिशा से आ रही बाइक को अपनी चपेट में लेते हुए सड़क से काफी दूर एक खेत में जाकर पलट गया। हादसे में विकास राव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गनीमत रही कि इस भयानक टक्कर में उनकी पत्नी और 6 साल के मासूम बच्चे की जान बच गई, लेकिन उन्हें भी चोटें आई हैं। आंखों के सामने पति को दम तोड़ता देख पत्नी सदमे में है। पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

**डीजल रिसाव से मंडराया आग का खतरा :** खेत में पलटे कंटेनर से भारी मात्रा में डीजल का रिसाव होने लगा, जिससे वहां भीषण आग लगने का बड़ा खतरा पैदा हो गया था। थाना प्रभारी अंजना धुर्वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एहतियात के तौर पर तुरंत पानी का टैंकर बुलवाया गया। पुलिस ने हालात पर काबू पा लिया है और क्रेन की मदद से कंटेनर को हटाने व हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।


